सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-380
26/08/2018

आज के दिन वृक्ष को रक्षा सूत्र से बांधें – मुख्यमंत्री

पटना, 26 अगस्त 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार रक्षा बंधन के पावन अवसर पर आज पटना स्थित राजधानी वाटिका में आयोजित बिहार वृक्ष सुरक्षा दिवस समारोह में शामिल हुये। मुख्यमंत्री ने राजधानी वाटिका स्थित वृक्ष को राखी बांधा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज रक्षाबंधन के दिन आप सब से आह्वान करना चाहता हूँ कि एक नई परम्परा शुरू हुई है जिसमें आप सब वृक्ष को रक्षा सूत्र से बांधें। यहाँ राखी उपलब्ध है।

मुख्यमंत्री ने बिहार वृक्ष सुरक्षा दिवस के अवसर पर राजधानी वाटिका में वृक्षारोपण भी किया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, ऊर्जा मंत्री श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव, पथ निर्माण मंत्री श्री नंद किशोर यादव, स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पाण्डेय, शिक्षा मंत्री श्री कृष्णनंदन प्रसाद वर्मा, विधायक श्री श्याम रजक, विधायक श्री अरूण कुमार सिन्हा, आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य श्री उदयकांत मिश्रा, बिहार नागरिक परिषद के पूर्व महासचिव श्री अरविन्द कुमार उर्फ छोटू सिंह, मुख्य वन संरक्षक श्री डी0के0 शुक्ला, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, प्रबुद्ध नागरिकगण एवं वरीय अधिकारी, स्कूली छात्र–छात्रायें एवं शिक्षकगण, अभिभावकगण उपस्थित थे।

******